कार्यालय निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक :–शिविरा/प्रारं/शालादर्शन/सी/19436/शादअपडेशन/2016–17/364 दिनांकः– 26-6-2018

जिला शिक्षा अधिकारी
प्रारम्भिक शिक्षा (समस्त)

जिला शिक्षा अधिकारी
माध्यमिक शिक्षा (समस्त)

विषयः– समस्त राजकीय विद्यालयों में कक्षा 01 से 08 के विद्यार्थियों को अन्नपूर्णा दूध योजना के सम्बन्ध में समस्त पूर्व तैयारी सुनिश्चित की जाकर सूचना शाला दर्शन/शाला दर्पण पोर्टल पर अपडेट करने बाबत्।

प्रसंग :–प्रमुख शासन सचिव महोदय का समस्त पीईईओ/संस्था प्रधान को सम्बोधित अर्द्धशासकीय पत्र दिनांक 18.06.18

उपर्युक्त प्रासंगिक विषयान्तर्गत लेख है कि अन्नपूर्णा दूध योजना के अन्तर्गत समस्त राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को 02 जुलाई 2018 से सप्ताह में तीन दिवस दूध वितरण किया जाना प्रारम्भ किया जाना है। इस सम्बन्ध में समस्त पूर्व तैयारी सुनिश्चित की जाकर सूचना शाला दर्शन/शाला दर्पण पोर्टल पर अपडेट किये जाने के निर्देश प्रमुख शासन सचिव महोदय द्वारा प्रदान किये गए थे परन्तु आज दिनांक 26.06.18 तक उक्त सूचना शाला दर्शन/शाला दर्पण पोर्टल पर अपडेट करने की प्रगति अत्यन्त न्यून है। जिसे उच्चाधिकारियों ने अत्यन्त गम्भीरता से लिया है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि–

1. अपने अधीनस्थ समस्त संस्था प्रधानों को पाबन्द कर विद्यालय के किसी एक अध्यापक को शाला दर्शन/शाला दर्पण प्रभारी नियुक्त करावें।
2. शाला दर्शन/शाला दर्पण प्रभारी के माध्यम से दिनांक 30.06.2018 तक दूध वितरण योजना की पूर्व तैयारी सम्बन्धि समस्त सूचनाएं शाला दर्शन/शाला दर्पण पोर्टल पर अपडेट कराया जाना सुनिश्चित करावें।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देवें।

26.06.18
उप निदेशक
प्रारम्भिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

www.rajteachers.com

क्रमांक :–शिविरा/प्रारं/शालादर्शन/सी/19436/शादअपडेशन/2016–17/ दिनांकः–

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

01. प्रमुख शासन सचिव स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग को उनके अर्द्धशासकीय पत्र दिनांक 18.06.18 के क्रम में।
02. निजी सचिव निदेशक महोदय माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,बीकानेर
03. निजी सचिव निदेशक महोदय कार्यालय, हाजा
04. उप निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा/माध्यमिक शिक्षा समस्त
05. शाला दर्पण प्रभारी,खण्ड 06,भूतल,शिक्षा संकुल,जयपुर
06. अनुभाग अधिकारी,सांख्यिकी अनुभाग,कार्यालय हाजा

उप निदेशक
प्रारम्भिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

D/MANDEEP/LETTER